Boost Your Exam Preparations With Dream Big Institution
Bank | Insurance | SSC | Railway | Government Exams
Visit - www.DreamBigInstitution.com






Boost Your Exam Preparations With Dream Big Institution
Bank | Insurance | SSC | Railway | Government Exams
Visit - www.DreamBigInstitution.com

# Reasoning Seating Arrangement Questions in Hindi

**Directions (1-5): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**आठ मित्र मोहन, रोशिनी, सोहन, अनिल, सोनम, प्रतुश, मनीष और अमिताभ एक वृत्ताकार क्षेत्र के इर्द-गिर्द परस्पर समान दूरी पर बैठे हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हो| कुछ व्यक्ति केंद्र की ओर उन्मुख हैं एवं कुछ बाहर की ओर उन्मुख हैं| उनमें परस्पर संबंध है|**

**मनीष का दादा सोहन के दाएं से तीसरे स्थान पर है| सोहन के निकटतम पड़ोसी एक ही दिशा की ओर उन्मुख हैं| मनीष, उसी दिशा की ओर उन्मुख हैं जिस दिशा में सोहन का दादा उन्मुख है| सोनम के निकटतम पड़ोसी विपरीत दिशाओं की ओर उन्मुख हैं| सोहन का अंकल, मनीष के बाएँ से दूसरे स्थान पर है, जो प्रतुश के पुत्रों में से एक है| अमिताभ, अनिल के पोते का निकटतम पड़ोसी नहीं है| रोशिनी, जो अनिल की पत्नी है, मनीष की माँ के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है| मनीष की माँ केंद्र की ओर उन्मुख है| सोहन का पिता सोहन की दादी के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है| मनीष के दादा का केवल एक ही भाई है| रोशिनी की पुत्रवधू सोनम के दो पुत्र हैं और एक ब्रदर-इन-लॉ है| अमिताभ, अनिल का पुत्र है| रोशिनी, मनीष के दादा की पत्नी है| सोहन की माँ, सोहन के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठी है|**

**Q1. दी गई बैठक व्यवस्था के आधार पर मोहन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?**
(a) अमिताभ, प्रतुश के अंकल के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है
(b) मोहन और सोहन के मध्य केवल दो व्यक्ति बैठे हैं
(c) रोशिनी, मोहन की एक निकटतम पड़ोसी है
(d) प्रतुश का अंकल बाहर की ओर उन्मुख है
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. अमिताभ, मनीष की माँ से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) पिता
(b) पुत्र
(c) ब्रदर-इन-लॉ
(d) बहन
(e) पति

**Q3. मोहन के दाएं से पांचवें स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) अनिल

(b) रोशिनी
(c) सोनम
(d) मनीष
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q4. रोशिनी, प्रतुश के अंकल से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) पुत्र
(b) सास
(c) माँ
(d) बहन
(e) सिस्टर-इन-लॉ

**Q5. अनिल, सोनम से किस प्रकार संबंधित है?**
(a) पिता
(b) भाई
(c) ससुर
(d) ब्रदर-इन-लॉ
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (1-5):Solution**

**S1.Ans.(d)**
**Sol.**

**S2.Ans.(c)**
**Sol.**

**S3.Ans.(e)**
**Sol.**

**S4.Ans.(e)**
**Sol.**

**S5.Ans.(c)**
**Sol.**

**Directions (6-10): नीची दी गई सूचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**
**A, B, C, D और E पांच लडकियां एक पंक्ति में दक्षिण की ओर उन्मुख है- जबकि P, Q, R, S और T पांच लड़के पहली पंक्ति के समांतर दूसरी पंक्ति में उत्तर की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं| वे सभी एक पांच मंजिला इमारत के निवासी हैं| इमारत की प्रत्येक मंजिल पर दो व्यक्ति रहते हैं| B, जो D के ठीक बाएँ बैठा है, T की ओर उन्मुख है, जो कि B से नीचे किसी मंजिल पर रहता है| C, जो T वाली मंजिल पर ही रहती है, अपनी पंक्ति के एक अंतिम सिरे पर बैठी है| Q जो सबसे ऊपरी मंजिल पर रहता है, अपनी पंक्ति के एक अंतिम सिरे पर बैठा है| E, R के विपरीत बैठा है और वे दोनों एक ही मंजिल पर रहते हैं| R और Q जिन मंजिलों पर रहते हैं उनके मध्य एक मंजिल का**

**अंतराल है| R का पड़ोसी P उसी मंजिल पर रहता है जिस पर B रहता है और वह C की ओर उन्मुख है जो उससे नीचे एक मंजिल पर रहता है| D, उसी मंजिल पर रहता है जिस पर Q रहता है| T, Q के ठीक बाएँ हैं जो A की ओर उन्मुख है, जो कि Q से ठीक नीचे रहता है|**

**Q6. तीसरे मंजिल पर रहने वाले लड़के के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) T
(b) Q
(c) P
(d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7. निम्न में से कौन चौथी मंजिल पर रहता है?**
(a) T – E
(b) S – B
(c) Q – D
(d) S -A
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q8. निम्न में से कौन पहली मंजिल पर रहता है?**
(a) T – E
(b) S – B
(c) T- C
(d) S -A
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q9. निम्नलिखित पांच में से चार एक निश्चित प्रकार से समान है और इसलिए एक समूह का निर्माण करते हैं, निम्न में से कौन सा उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) A
(b) C
(c) E
(d) Q
(e) P

**Q10. उस व्यक्ति के विपरीत कौन बैठा है जो S के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है?**
(a) B
(b) A
(c) C
(d) D
(e) E

**Solution (6-10):**

**S6. Ans. (b)**
**Sol.**

**S7. Ans. (d)**

**Sol.**

**S8. Ans. (c)**
**Sol.**

**S9. Ans. (c)**
**Sol.**

**S10. Ans. (b)**
**Sol.**

**Directions (11-15): निम्नलिखित सूचना का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**
**A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं| उनमें से प्रत्येक का पेशा अलग-अलग है जैसे: चिकित्सक, अभियंता, वास्तुकार, पायलट, बैंकर, शिक्षक, व्यापारी और पुलिस|**
**पुलिस, G के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है| C, G का एक निकटतम पड़ोसी है| वास्तुकार, C के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है| B, H के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है| H, न तो पुलिस है और न ही वास्तुकार है| केवल एक व्यक्ति C और शिक्षक के मध्य बैठा है| A और F, परस्पर निकटतम पड़ोसी हैं| न तो A और न F, पुलिस है| चिकित्सक, A के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है| दो व्यक्ति D और अभियंता के मध्य बैठे हैं| D, पुलिस नहीं है| पायलट, पुलिस का निकटतम पड़ोसी नहीं है| बैंकर, A के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है|**

**Q11. निम्न में से कौन व्यापारी है?**
(a) A
(b) H
(c) C
(d) F
(e) D

**Q12. पुलिस के संदर्भ में F का स्थान क्या है?**
(a) ठीक दाएं
(b) बाएँ से तीसरा
(c) दाएं से दूसरा
(d) बाएँ से चौथा
(e) बाएँ से दूसरा

**Q13. शिक्षक और अभियंता के ठीक मध्य कौन बैठा/ बैठे है?**
(a) C और H
(b) केवल पुलिस
(c) केवल चिकित्सक
(d) C और B
(e) वास्तुकार और बैंकर

**Q14. दी गई बैठक व्यवस्था के आधार पर निम्न में से कौन सा सत्य है?**
(a) D, G का निकटतम पड़ोसी है
(b) G बैंकर है
(c) बैंकर और शिक्षक परस्पर निकटतम पड़ोसी हैं
(d) पायलट, वास्तुकार और व्यापारी के ठीक मध्य बैठा है
(e) चिकित्सक , व्यापारी के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है

**Q15. G का पेशा क्या है?**
(a) व्यापारी
(b) पायलट
(c) बैंकर
(d) शिक्षक
(e) वास्तुकार

**Solution (11-15):**

**S11. Ans.(a)**
**Sol.**

**S12. Ans.(c)**
**Sol.**

**S13. Ans.(c)**
**Sol.**

**S14. Ans.(e)**
**Sol.**

**S15. Ans.(b)**
**Sol.**